हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा) -176213

क्रमांकःहिशिबो(47)/ रा०मु०वि० परीक्षा विंग(प्रैक्टिकल)-मार्च/2020- दिनांकः- 16-03-2020

प्रेषितः

समस्त प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक/मुख्याध्यापिका एवं समन्वयक
हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केन्द्र,
हिमाचल प्रदेश।

विषयः- राज्य मुक्त विद्यालय(SOS) के मैट्रिक व जमा दो कोर्स के परीक्षार्थियों की प्रैक्टीकल परीक्षा के संचालन के बारे में आवश्यक निर्देश।

महोदय/महोदया,

आपको सूचित किया जाता है कि बोर्ड द्वारा राज्य मुक्त विद्यालय के अन्तर्गत पंजीकृत एवं अध्ययनरत मैट्रिक के अभ्यार्थियों की लिखित(वार्षिक) परीक्षा दिनांक **04.3.2020** से **19.3.2020** तक व जमा दो के अभ्यार्थियों की परीक्षा दिनांक **04.3.2020** से **28.3.2020** तक बोर्ड द्वारा स्थापित परीक्षा केन्द्रों में संचालित करवाई जा रही है। ऐसे पूर्व परीक्षार्थी जो प्रैक्टीकल विषय की लिखित परीक्षा के साथ ही प्रैक्टीकल परीक्षा में भी अनुतीर्ण हैं व ऐसे परीक्षार्थी जो पहली बार मैट्रिक व जमा दो कोर्सों में राज्य मुक्त विद्यालय के अन्तर्गत पंजीकृत हुए हैं व मार्च, **2020** में प्रैक्टीकल विषय की लिखित परीक्षा में बैठ रहे हैं, को लिखित परीक्षा के साथ ही प्रायोगिक की परीक्षा देना अनिवार्य है।

अतः राज्य मुक्त विद्यालय **(SOS)** के अन्तर्गत आपके अध्ययन केन्द्र से पंजीकृत **(Enrolled)** एवं मार्च, **2020** में बैठने वाले मैट्रिक व जमा दो कक्षाओं के परीक्षार्थी, जो प्रैक्टीकल परीक्षा देने के लिए पात्र हैं, की प्रैक्टीकल परीक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित तिथियों को राज्य मुक्त विद्यालय **(SOS)** के अध्ययन केन्द्र **(Study Centre)** के विद्यालय प्रमुख की देखरेख में सम्बन्धित विषय के प्राध्यापक/अध्यापक द्वारा स्थल पर प्रश्न पत्र तैयार कर आंतरिक रूप से संचालित करवाई जाएगी। उक्त प्रैक्टीकल परीक्षा का संचालन आपको निम्नलिखित निर्देशों के अनुसार करवाना हैः-

**1.परीक्षा तिथिः-**

राज्य मुक्त विद्यालय के समस्त परीक्षार्थी प्रैक्टीकल परीक्षा की तिथि व समय की जानकारी के लिए अपने अध्ययन केन्द्र के प्रमुख से मैट्रिक कक्षा के बारे में दिनांक **20.3.2020** को व जमा दो कक्षा के बारे में दिनांक **28.3.2020** को सम्पर्क करेंगे। अध्ययन केन्द्रों के प्रमुख पात्र परीक्षार्थियों की प्रैक्टीकल परीक्षा की तिथियों का निम्न सारणी में दर्शाई तिथियों एवं सत्र के अनुसार निर्धारण करें व परीक्षार्थियों से प्रैक्टीकल तिथि व सत्र को सम्बन्धित चार्ट पर नोट करवा लें। यदि किसी विषय/विषयों का अध्यापक/ प्रध्यापक अध्ययन केन्द्र में उपलब्ध न हो तो नजदीकी विद्यालय से या उप निदेशक से सम्पर्क कर बोर्ड द्वारा निर्धारित तिथि को प्रैक्टीकल परीक्षा के संचालन के लिए उचित व्यवस्था भी करनी होगीः-

ClassResult.in

**I.मैट्रिक परीक्षाः**

| S.No | Subject | Practical date/s | Max.Marks |
|---|---|---|---|
| 1. | Science | 23.3.2020 to 24.3.2020 | 25 |
| 2. | Other Subject | 25.3.2020 | 25 |
| i) | Home Science | | |
| ii) | Computer Science | 25.3.2020 | 50 |
| iii) | Art-B | 25.3.2020 | 35 |

**II. जमा दो परीक्षाः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Physics | 30.3.2020 | 25 |
| 2 | Chemistry | 31.3.2020 | 25 |
| 3 | Biology/HE& F Sc | 1.4.2020 | 25 |
| 4 | Computer Science | 3.4.2020 | 25 |
| 5 | Geography | 4.4.2020 | 25 |
| 6 | Physical Education/Yoga | 30.3.2020 to 6.4.2020 | 25 |
| 7 | Accountancy(Project) | 30.3.2020 to 6.4.2020 | 20 |

**II.प्रैक्टीकल हस्ताक्षर चार्ट व अंकसूचियांः-**

उपरोक्त विषय बार निर्धारित तिथि/तिथियों के अनुसार परीक्षार्थियों को प्रैक्टिकल परीक्षा की तिथि एवं सत्र नोट करवा दिया जाये व तदोपरान्त हस्ताक्षर चार्ट को परीक्षक को उपलब्ध करवा दिये जायें।

परीक्षार्थियों के प्रैक्टिकल विषयों आदि के बारे में बोर्ड कार्यालय में मैट्रिक कक्षा के सन्दर्भ में दूरभाष नम्बरः**01892-242199** व जमा दो कक्षा के सन्दर्भ में **01892-242152** पर पूछताछ की जा सकती है।

**III.प्रैक्टीकल अंकसूचियांः-**

इस वर्ष प्रैक्टीकल परीक्षा केन्द्र/अध्ययन केन्द्र में विषय एवं परीक्षार्थियों की गणना के अनुसार प्रैक्टिकल परीक्षा हेतु हस्ताक्षर चार्ट (**Attendance Chart**)व अंकसूचियां **(Award List)** को सम्बधित अध्ययन केन्द्र के युजर पर डाला जा रहा है । प्रैक्टिकल परीक्षा में पास होने के लिए **33%** न्यूनतम अंक का ही मापदण्ड निर्धारित है।

**IV.ग्रुपिंगः-**

अपने विद्यार्थियों को प्रैक्टीकल परीक्षा के दिनांक व सत्र की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए एक विशेष दिन मैट्रिक विषय के लिए **20.3.2020** व जमा दो के परीक्षार्थियों के लिए (दिनांक **29.3.2019**) निर्धारित कर उन्हें विद्यालय में उपस्थित होने बारे प्रवेश प्रपत्र/अनुक्रमांक वितरित करते समय निर्देशित करें। प्रत्येक परीक्षार्थी को विषय-बार प्रैक्टीकल परीक्षा के दिनांक और सत्र के बारे में अवगत करवा दिया जाए व प्रत्येक परीक्षार्थी के हस्ताक्षर करवा लिए जायें।

**V.प्रैक्टीकल फाईलः-**

प्रैक्टिकल परीक्षा के आन्तरिक संचालन के दृष्टिगत एवं प्राप्त अंकों के प्रेषण के दृष्टिगत एक प्रैक्टिकल फाईल प्रेषित की जा रही है। कक्षा के समस्त विषयों की अंकसूचियों को लिफाफे जिसके बाहर **Original Practical Awards** दर्शित हैं, में प्रेषित किया जाये तथा दूसरे लिफाफे में परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर चार्ट, परीक्षक व प्रयोगशाला परिचर/चतुर्थ श्रेणी स्टाफ के बिल प्रपत्र बोर्ड कार्यालय को प्रेषित किये जायें समस्त विषयों के परीक्षकों के नाम एवं पारिश्रमिक बिल एक ही प्रपत्र पर तैयार किये जायें व इसी प्रकार प्रयोगशाला सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के बिल भी एक प्रपत्र पर तैयार किये जाये।

**VI.अंकसूचियां तैयार करना व प्रेषणः-**

इस सत्र में प्रायोगिक परीक्षा के अंकों के लिए **OMR Bases Award sheet** नहीं भेजी जा रहीं है अपितु परीक्षार्थियों की अंकसूची(**Award sheet**) व उपस्थिति (**Attendnce Sheet**) के प्रारूपों को निर्देशों (**instructions**) सहित रा०मु०वि० के अध्ययन केन्द्रों के लोग इन पर डाल दिया गया है, प्रारूपों को वहां से डाउनलोड़ कर लिया जाएं व अंकसूचियों तथा हस्ताक्षर चार्ट को डाक द्वारा बोर्ड की ओर से प्रेषित लिफाफों में भिजवा दिया गया है । प्रैक्टीकल फाईल और परीक्षार्थियों की सूची आपको डाक से प्रेषित कर दी गई है। परीक्षार्थियों के अंक अंकसूची(**Award sheet**) पर अनुक्रमांक के सामने लिख कर सत्यापित प्रति बोर्ड कार्यालय को पंजीकृत डाक द्वारा भेजनी होगी तथा अंकसूची व हस्ताक्षर चार्ट की एक प्रति ई-मेल द्वारा रा०मु०वि०परीक्षा विंग की ई-मेल आई०डी० **hpbosesososewing.47@gmail.com** पर भी भेजी जाए । परीक्षक को परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक के सामने अंकित कॉलम में प्राप्तांक को अंकों में व शब्दों मे लिखने के पश्चात नीचे **Practical ward sheet** पर कुल परीक्षार्थी, उतीर्ण परीक्षार्थी व अनुपस्थित परीक्षार्थियों का ब्यौरा साफ-साफ लिखना होगा । अंकसूची की पूर्ण जांच करने के उपरान्त अंकसूचियों को विद्यालय मोहर सहित प्रति-हस्ताक्षरित किया जाये। मैट्रिक के परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर चार्ट व अंक सूचियों को **30-04-2020** तक तथा जमा दो के परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर चार्ट व अंक सूचियों को दिनांक **07-04-2020** तक बोर्ड कार्यालय में जमा करवा दें ।

राज्य मुक्त विद्यालय से सम्बद्ध विद्यार्थियों को प्रैक्टीकल परीक्षा उनके अध्ययन केन्द्र में संचालित होगी अतः परीक्षा तिथि एवं सत्र के बारे में समस्त प्रैक्टिकल परीक्षा देने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी के विषय बार हस्ताक्षर करवा लिए जायें।

ClassResult.in

**VII.परीक्षा समयः**

प्रैक्टीकल परीक्षा का संचालन दो सत्रों प्रातःकालीन सत्र(**9 AM** से **12 Noon**) व सांयकालीन सत्र (**2 PM** से **5 PM**) में किया जाये।

**VIII.उत्तरपुस्तिकाओ का प्रयोगः-**

प्रैक्टीकल की आन्तरिक परीक्षा के लिए अभ्यार्थी/विद्यालय की सामान्य शीट का प्रयोग करना है, जिन्हें नियमानुसार परीक्षा परिणाम घोषित होने के **6** माह तक सुरक्षित रखा जाना है।

प्रैक्टीकल से संचालन के सन्दर्भ में किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए आप बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नम्बर:**01892-242220** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

आपके द्वारा दिया गया सहयोग सराहनीय रहेगा।

भवदीय,

सचिव

संलग्नः यथोपरि।

पृष्ठांकन संख्याःयथोपरि/

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः-

**1.** उप सचिव/सहायक सचिव(राज्य मुक्त विद्यालय)।

**3.** अनुभाग अधिकारी, मैट्रिक/जमा दो(राज्य मुक्त विद्यालय)।

**4.** अनुभाग अधिकारी, डाटा सेन्टर को इस निर्देश सहित प्रेषित है कि यह निर्देश पत्र बोर्ड की वैबसाईट पर अपलोड़ करें।

सचिव